Form No. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन भू–अभिलेख अधिकारी, जैतारण

किस्म मुकदमा :– राजस्व प्रार्थना पत्र — संख्या :–...28.../2020

अनवान तहसीलदार बनाम सायरी वगैराह

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो हक हुक्म की तामील में जारी हुए
07.02.2020	तहसीलदार उपस्थित। प्रार्थी तहसीलदार जैतारण ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136, 131 LR Act, 1956 के तहत् प्रस्तुत कर निवेदन किया कि ग्राम डूंगरनगर, पटवार मण्डल डिगरना, तहसील–जैतारण, जिला–पाली में स्थित भूमि खसरा नम्बर 775 मूल (इसके बट्टा नम्बरान्) एवं खसरा नम्बर 792 चिपते हुए हैं। वर्तमान राजस्व रेकर्ड में उक्त खसरा नम्बरान् के रकबे एवं नक्शा ट्रेस में भिन्नता हैं। जिससे सेग्रीगेशन कार्य वन टू वन मेपिंग कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही हैं। वक्त सेटलमेंट जमाबंदी में खसरा नम्बर 775 का रकबा 46–03 बीघा एवं खसरा नम्बर 792 का रकबा 13–04 बीघा कुल रकबा 49–07 बीघा दर्ज था। मगर जमाबंदी में खसरा नम्बर 775 का रकबा 23–01 बीघा व खसरा नम्बर 792 का रकबा 36–06 बीघा कुल 59–07 बीघा दर्ज हैं। जो रेकर्ड अनुसार नक्शें का मिलान नहीं हो रहा हैं। ऐसे खसरों के नक्शें की सीमाओं में दुरूस्ती हेतु प्रस्ताव पटवारी हल्का डिगरना व भू.अ.निरीक्षक निम्बोल से प्राप्त किये जाकर वास्ते रेकर्ड नक्शा दुरूस्ती प्रस्तुत हैं। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं संलग्न रेकर्ड का अवलोकन किया गया। प्रार्थी तहसीलदार का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रस्तावित प्रस्ताव के संलग्न किये गये दस्तावेजों का अवलोकन करने पर पाया कि खतौनी बन्दोबस्त में खसरा नम्बर 792 का रकबा 13–04 बीघा एवं खसरा नम्बर 775 का रकबा 46–03 बीघा था। वर्तमान राजस्व रेकर्ड जमाबंदी में भी खसरा नम्बर 792 का रकबा 13–04 बीघा एवं खसरा नम्बर 775 के बट्टा नम्बरों का रकबा 46–03 बीघा दर्ज हैं। उक्त दोनों इन्द्राज मुताबिक खतौनी बन्दोबस्त होने पाये गये। राज्य सरकार की अति महत्वपूर्ण DILRMP (डिजिटल इण्डिया भू–अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम) योजना सेग्रीगेशन कार्य के सफल क्रियान्वयन तथा राजस्व रेकर्ड में दर्ज खसरा नम्बरान् का वन टू वन मिलान कर नक्शें में तरमीम कार्य में बाधा आ रही हैं। क्योकि नक्शें के अनुसार खसरा नम्बर 792 का रकबा 36–06 बीघा तथा खसरा नम्बर 775 का रकबा 23–01 बीघा होने से तरमीम कार्य बाधित हो रहा हैं। ऐसी स्थिति में खतौनी बन्दोबस्त अनुसार नक्शे में खसरा नम्बर 775 व 792 का रकबा निर्धारित करते हुए दोनों के बीच की माठ कायम की जानी उचित हैं। पटवारी हल्का डिगरना, एवं भू.अ.निरीक्षक निम्बोल की जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रार्थी तहसीलदार जैतारण का प्रस्ताव उचित प्रतीत होता हैं। जिसे स्वीकार कर नक्शें में खसरा नम्बर 775 व 792 की वर्तमान सीमा (माठ) को निरस्त करते हुए प्रस्तावित प्रस्ताव अनुसार दोनों खसरों के बीच की सीमा कायम करने के आदेश दिये जाते हैं। तद्नुसार राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद किया जावें। पृथक से आदेश जारी हो जो पत्रावली का भाग होगा, आदेश एवं तहसीलदार जैतारण द्वारा प्रेषित प्रस्ताव जो इस निर्णय का भाग होगा की प्रति तहसीलदार, जैतारण को भेजकर पालना मंगवाई जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। बाद तकमील जाब्ता पत्रावली दाखिल दफ्तर/लेख्य भण्डार जमा हो। उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन भू–अभिलेख अधिकारी, जैतारण	164 12/2/20

Scanned by CamScanner

न्यायालय उपखण्ड अ...

क्रमांक/कोर्ट/2020/ निर्णय दिनांकः-07/02/2020

राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या........28.../2020 तहसीलदार बनाम राजस्थान सरकार
अनवान

आदेश

(अंतर्गत धारा 136, 131 राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956)

प्रार्थी तहसीलदार जैतारण के खाता दुरस्ती प्रार्थना पत्र एवं पटवारी, पटवार मण्डल-डिगरना व भू.अ. निरीक्षक-निम्बोल की रिपोर्ट तथा तहसीलदार जैतारण की अनुशंषा, खातेदारान् की प्रार्थना के आधार पर तहसील क्षेत्र जैतारण में माननीय राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर एवं राजस्व विभाग राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार भू-अभिलेखों की डिजिटाईजेशन हेतु संचालित DILRMP (डिजिटल इण्डिया भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम) के अंतर्गत जमाबंदी, नक्शा एवं मौका स्थिति की अनुरूपता के लिए मौका एवं नक्शा की स्थिति में भिन्नता के फलस्वरूप तरमीम कार्य में उत्पन्न अवरोध के निराकरण हेतु राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 एवं 131 के अनुसरण में ग्राम-डूंगरनगर तहसील-जैतारण, जिला-पाली की जमाबन्दी संवत् 2072-2075 में निम्नलिखित खाता संख्या में वर्तमान दर्ज प्रविष्टि को निम्नलिखित रूप से शुद्ध किया जाकर नक्शा लट्ठा ट्रेस खसरों की सीमाओं में दुरुस्ती किये जाने के आदेश दिये जाते हैं।

DILRMP (डिजिटल इण्डिया भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम) के तहत् नक्शा शुद्धि करना

नाम ग्राम-डूंगरनगर पटवार मण्डल - डिगरना, भू.अ.नि. - निम्बोल तहसील-जैतारण, जिला-पाली

वर्तमान खाते का विवरण					शुद्धि की प्रविष्टि	
खाता संख्या	खसरा नम्बर	रकबा	किस्म	खातेदार का विवरण	वर्तमान नक्शा व रकबा	प्रस्तावित नक्शा व रकबा दुरुस्ती
119	792	13-04	बा.अ.	सायरी पत्नी ढगलाराम हनुमानराम दीनाराम पिता ढगलाराम कौम जाट सा.देह खातेदार।		रकबा मिसल अनुसार 665→46-03 व प्रस्तावित नक्शा अनुसार 652→13-04 
118	775	23-01	बा.अ.	सवाईसिंह वीरमसिंह श्रवणसिंह पिता गेनसिंह कौम राजपूत सा.देह खातेदार।		
20	775/1	10-03	बा.अ.	गुमानसिंह पुत्र किशोरसिंह राजपूत सा.देह खातेदार।		
36	775/2	02-14	बा.अ.	तरुण लोढा पुत्र विजयसिंह लोढा जैन सा.इन्दौर खातेदार।		
89	775/3	05-00	बा.अ.	समीरकुमार रमेशभाई पटेल पिता रमेशभाई अम्बारामदास पटेल जाति पटेल खातेदार।		
122	775/4	05-05	बा.अ.	सुगनसिंह पुत्र किशोरसिंह कौम राजपूत सा.देह खातेदार।		

उपखण्ड अधिकारी एवं
पदेन भू-अभिलेख अधिकारी, जैतारण

Scanned by CamScanner

Signature Not Verified
Digitally signed by Bhaskar Bishnoi
Date: 2020.02.18 11:23:42 IST
Reason: SelfAttested
Location: